**7.1.8 Describe the Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socio-economic and other diversities**




Panel discussion on Career opportunities after graduation



# विद्यार्थियों को आईएएस बनने के दिए टिप्स

## चंबा कॉलेज में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा पर पैनल चरचा में जिले के कई छात्रों ने लिया भाग

अमर उजाला ब्यूरो

**उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने तैयारी सिलेबस समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी**

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा के सभागार में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे आकांक्षी विद्यार्थियों के लिए पैनल चरचा का आयोजन किया गया।

चरचा के दौरान लोक सेवा परीक्षा आकांक्षी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस चरचा के दौरान उपायुक्त चंबा विवेक भाटिया मुख्यातिथि और मुख्य पैनलिस्ट के रूप में मौजूद रहे। इस पैनल चरचा में जिलाधीश चंबा के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल, एसडीएम चंबा शिवन प्रताप और आईएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

सबसे पहले राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद आईएएस प्रोबेशनर सौरव जस्सल ने आईएएस की परीक्षा के लिए की जाने वाली तैयारी, किताबें, सिलेबस, विभिन्न चरण इत्यादि के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। इसके बाद जिलाधीश चंबा, एसडीएम चंबा, एडीसी ने विद्यार्थियों और आईएएस आकांक्षी विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षाओं संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया और उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, प्रो. परविंदर, प्रो. अविनाश, डॉ. मनेश, डॉ. हेमंत, प्रो. सुमित और डॉ. प्रणीता मौजूद रहे।

## ऑटोमोबाइल विषय के विद्यार्थियों ने जानी वर्कशॉप की कार्यप्रणाली

डलहौजी (चंबा)। बाथरी स्कूल के ऑटो मोबाइल विषय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया। इसमें इंस्ट्रक्टर सर्वजीत सिंह और रोहित नरयाल की अगुवाई में विद्यार्थियों ने ऑटो वर्कशॉप पटना मोड़ के भ्रमण के दौरान विषय से संबंधित कई बारीकियां जानी। इस दौरान वर्कशॉप के प्रधान मेकेनिक राजेंद्र के मार्गदर्शन विद्यार्थियों ने गाड़ी का साधारण निरीक्षण, मरम्मत करना और सर्विस की जानकारी हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीक की व्यावहारिक जानकारियां मिलती है। वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान होना जरूरी है। भविष्य में भी इस तरह के औद्योगिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे। ब्यूरो



चम्बा : डिग्री कालेज चम्बा में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे आकांक्षी विद्यार्थियों के लिए सोमवार को आयोजित पैनल चर्चा कार्यक्रम के दौरान कालेज के प्रोफेसर तथा विद्यार्थी। (विनोद)

## भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए युवाओं को तैयार करने की नई पहल

# आई.ए.एस. की तैयारी करने वालों का बनाया जाएगा व्हाट्स एप ग्रुप

चम्बा, 2 दिसम्बर (विनोद): चम्बा जो कि विकास की दृष्टि से देश के पिछले 115 जिलों में शुमार है उसे भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में आगे लाने के लिए जिला प्रशासन ने सोमवार को एक नई पहल का आगाज किया। यह अपने आप में पहला मौका रहा जब जिला चम्बा में तैनात चारों आई.ए.एस. अधिकारियों ने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे आकांक्षी विद्यार्थियों के साथ खुले रूप में चर्चा की तथा इस परीक्षा को लेकर आकांक्षी विद्यार्थियों में पैदा हुए सवालों का जवाब दिया। सोमवार को डिग्री कालेज चम्बा के परिसर में आयोजित पैनल चर्चा की अध्यक्षता डी.सी. विवेक भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि व मुख्य पैनलिस्ट के रूप में मौजूद थी। इस पैनल चर्चा में ए.डी.सी. (आई.ए.एस.) मुकेश रेपस्वाल, एस.डी.एम. चम्बा शिवम प्रताप सिंह (आई.ए.एस.) और आई.ए.एस. प्रोबेशनर सौरभ जस्सल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, प्रो. पाथिक, प्रो. अभिनाश, डा. मनोज, डा. हेमन्त, प्रो. सुमित व डा.प्रणीता इत्यादि मौजूद रहे। डी.सी. विवेक भाटिया ने कहा कि आई.ए.एस. परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं का एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाया जाएगा।

### स्टडी मैटीरियल मुहैया करवाया जाएगा

डी.सी. ने कहा कि आई.ए.एस. की तैयारियां करने वाले इच्छुक छात्र-छात्राओं को इससे संबंधित स्टडी मैटीरियल मुहैया करवाया जाएगा। इसके लिए दिल्ली में संपर्क किया जाएगा और परीक्षा की तैयारियों से संबंधित सभी प्रकार की सामग्री इन युवाओं को चम्बा में ही मुहैया करवाई जाएगी।

इस ग्रुप के माध्यम से ये युवा सीधे उपरोक्त चारों अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे और ग्रुप के माध्यम से वे सीधे परीक्षा से संबन्धित अपनी जिज्ञासा को लेकर बात कर सकेंगे। इसका लाभ निश्चितौर पर इन युवाओं को मिलेगा। भाटिया ने कहा कि इन युवाओं को आई.ए.एस. की परीक्षा में आने वाले सवालों का जवाब कैसे दिया जाए इस बारे में बताया गया तो साथ ही आत्मविश्वास के साथ पैनल के सवालों का कैसे सामना किया जाए, इस बारे में भी अपने अनुभवों के आधार पर सभी अधिकारियों ने बताया। उन्होंने कहा कि सोमवार को डिग्री कालेज चम्बा में जो कार्यक्रम आयोजित किया गया, उसे 1 से 2 घंटे के बीच चलने का उन्होंने अनुमान लगाया था लेकिन इसमें शामिल हुए युवाओं की रुचि व उनकी मौजूदगी की तादाद को देखते हुए यह कार्यक्रम 4 घंटे तक चला लेकिन युवाओं ने बेहद रुचि के साथ इसमें अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। डिग्री कालेज में आयोजित इस पैनल चर्चा कार्यक्रम में भाग लेते हुए युवाओं ने एक के बाद एक सवालों की बौछार इन आई.ए.एस. अधिकारियों पर की। इन अधिकारियों ने इस प्रकार से उनके सवालों के जवाब दिए कि सवाल करने वालों के साथ-साथ हाल में मौजूद सभी युवा उनसे बेहद प्रभावित हुए।



**Career counselling by probationary IAS Saurav Jassal**



Career Counselling



Career Counselling



**Counselling for Graduate Ad on Course**



**Counselling for Graduate Ad on Course**



**Career Counselling**



दैनिक जागरण (06 March 2019

# चंबा कॉलेज में युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

चंबा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रोफेसर तथा छात्र-छात्राएं • जागरण

**संवाद सहयोगी, चंबा** : चंबा कॉलेज में जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त चंबा हरिकेश मीणा ने की। इस मौके पर रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने युवाओं को स्वनियोजित व कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरांत उद्योग विभाग प्रबंधक चंद्रभूषण ने उद्योग विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) चंबा प्रभारी राहुल राठौर ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। उपायुक्त हरिकेश मीणा ने राज्य सरकार की योजनाओं, स्वरोजगार, स्वनियोजित रोजगार, कौशल विकास कार्यक्रम, स्वावलंबी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विभिन्न विभागों की भरपूर सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार के प्रति जागरूकता हेतु विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) राजेश शर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राम प्रसाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम कमल ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली व विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल, डॉ. महिंद्र सलारिया, प्रो. परविंद्र, प्रो. युगल किशोर, प्रो. अविनाश, प्रो. शेल्ली महाजन, प्रो. विदुषी शर्मा, डॉ. पीके गुप्ता, विज्ञान पर्यवेक्षक राजीव महाजन सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, उपनिदेशक व अधिकारी मौजूद रहे।

# Government College Chamba
## (Internal Quality Assurance Cell)

in association with

# प्रोत्साहन

organising

# CAREER counselling

**For IAS, HAS & other Competitive Examination**



* Resource Person *

**Shri Shivam Pratap Singh, IAS**

**SDM CHAMBA**

**DATE: 9TH NOVEMBER, 2020**

**TIME: 11:00 A.M.**

**Venue: Multipurpose Hall**



**Dr. Shiv Dayal**

Principal




For further details contact:-

**Professor Avinash** **9459222580**

जानकारी चंबा कॉलेज में पैनल डिस्कशन के दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों को दिए महत्वपूर्ण टिप्स

# वही विषय चुनें जिसमें हो रुचि : डीसी

जागरण संवाददाता, चंबा : भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में उम्मीदों की सफलता के रंग भरने के इच्छुक प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए उपायुक्त विवेक भाटिया की पहल पर सोमवार को चंबा कॉलेज के सभागार में पैनल डिस्कशन आयोजित की गई। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल, एसडीएम शिवम प्रताप और आइएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल व जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह ने छात्रों को विभिन्न उपयोगी जानकारियां प्रदान की।

उपायुक्त ने परीक्षा की तैयारियों के लिए गहन योजना, संबंधित विषय का चुनाव, अनुभव व विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से उपस्थित छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता के लिए चुने हुए विषय की गहनता के साथ जानकारी होना आवश्यक है। छात्र वही विषय चुनें जिसमें पूर्ण जिज्ञासा व रुचि हो। आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सबसे अहम है। अधिकारियों ने तैयारियों के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं व उनके निदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों को दी। मंच का संचालन अरविंद सिंह ने किया।



पीजी कॉलेज चंबा में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए आयोजित पैनल चर्चा में उपस्थित जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान (बाएं से) पीजी कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. शिवदयाल, एसडीएम चंबा शिवम प्रताप सिंह, उपायुक्त चंबा विवेक भाटिया एडीसी चंबा मुकेश रेपस्वाल व उनके साथ बैठे सौरभ जस्सल • जागरण

आइएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय डॉ. शिवदयाल, विभिन्न विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

No.-BSGHP-VWI-053

Dated :- 29-05-2020

**THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES HIMACHAL PRADESH**

## CERTIFICATE OF
# ACHIEVEMENT


**THIS CERTIFICATE IS AWARDED TO**

**Riya**

**of Government College Chamba**

**for volunteering time and efforts in the**
**STATE LEVEL VIRTUAL WAGGGS INITIATIVE PROGRAMME**
**from 23rd to 29th May 2020.**

**STATE SECRETARY**
**The Bharat Scouts and Guides**
**Himachal Pradesh**



**Government College Chamba**

Red Ribbon club/ **N.S.S.** /Rovers & Rangers

Emails: principalgcchamba@gmail.com Phone/Fax: 01899-222207

**सूचना** दिनाँक:06-11-2021

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी **नेहरु युवा केंद्र** के तत्वावधान में **"देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण"** सम्बन्धित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन खंड, जिला, राज्य व् राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है । इसी श्रृंखला में चम्बा, मेहला, भटियात, सलूणी, तीसा, पांगी, भरमौर खंड की प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय चम्बा में किया जा रहा हैाइस प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा ।

*भाषण का विषय: **सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास, सबका प्रयास***
माध्यम: हिंदी या ENGLISH, • समय सीमा:9 से 10 मिनट
• दिनांक :**20 नवंबर , 2021 (शनिवार)**• समय: दोपहर 12 बजे
# आयु सीमा : 18-29 वर्ष (as on 1st April, 2021)

NOTE:- जो भी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे अपना नाम **श्री अविनाश** (ZOOLOGY), **डॉ जयश्री** (English), **डॉ शैली महाजन, डॉ संतोष** (हिंदी), (Commerce), या **श्रीमती निशा** (Geography) के पास लिखवा कर Entry form भर सकते हैं I

# पुरस्कार राशी जिला स्तर :5000, 2000, 1000 (I/II/III Position
# पुरस्कार राशी राज्य स्तर :25000, 10000, 5000 (I/II/III Position)
# पुरस्कार राशी राष्ट्रीय स्तर :2,00,000, 1,00,000, 50,000 (I/II/III Position)
# सांत्वना पुरस्कार राशी राष्ट्रीय स्तर : 10,000 प्रत्येक प्रतिभागी ।

- For further detail you may contact Department of Zoology: 9459222580

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय चम्बा
Principal
Govt College Chamba
Distt. Chamba (H.P.)




**Activities by NCC**




**Activities by Rovers Rangers**

#



**Activities by NSS**


Activities by NCC/ NSS/ Rovers & Rangers


Activities by NSS
स्वच्छ भारत
CLEAN INDIA
1st - 31st October 2021




Activities by Red Ribbon Club




Activities by NCC




Activities by NSS



**Activities by NSS**




**Activities by NCC**



**Activities by NSS**

# कैडेट्स ने की सफाई, लोगों को भी किया जागरूक

## चंबा कालेज की एनसीसी इकाई ने मनाया अमृत महोत्सव

**संवाद सहयोगी, चंबा :** राजकीय महाविद्यालय चंबा की एनसीसी इकाई ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया। इस दौरान कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया और कोरोना के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। एनसीसी प्रभारी प्रो. अनित कुमार ने कहा कि कैडेट्स ने कालेज परिसर व आसपास के इलाके में सफाई अभियान चलाकर कचरे को उठाकर ठिकाने लगाया।



चंबा कालेज में अमृत महोत्सव के दौरान प्राचार्य डा. शिव दयाल के साथ कैडेट्स ● जागरण

इसके बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर से सुल्तानपुर मोहल्ला, सुल्तानपुर चौक, बालू, परेल आदि क्षेत्रों में रैली के माध्यम से लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव, पर्यावरण संरक्षण व आस-पड़ोस को साफ सुथरा रखने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नारों, पोस्टर व भाषण के माध्यम से कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के तरीके, हाथ धोने, उचित दूरी रखने व भीड़ न जुटाने का संदेश दिया।

प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि देशवासियों के लिए यह गौरव का अवसर है, जब हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। इस गौरवमयी अवसर पर केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न सृजनात्मक व गुणात्मक गतिविधियों का आयोजन करना प्रस्तावित है। एनसीसी कैडेट्स ने इस पहल को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान व कोविड से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया, जो सराहनीय है। उन्होंने छात्रों व लोगों से वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। इस मौके पर कैडेट्स ज्योतिका, दीक्षा, सुनीता, आकांक्षा, मोहित, संजीव, सोनू, रोहित, सन्नी व संजू आदि मौजूद रहे।

---

रैली... डिग्री कालेज चंबा की एनसीसी इकाई की ओर से भारत की स्वतंत्रता के 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य पर कैडेट्स ने की सफाई

# रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंबा

डिग्री कालेज चंबा की एनसीसी इकाई की ओर से भारत की स्वतंत्रता के 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य पर भारत व हिमाचल सरकार के दिशानिर्देश अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए स्वच्छता अभियान व कोविड संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट ने कालेज परिसर व इर्द-गिर्द के क्षेत्र में साफ सफाई करने के बाद जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से सुल्तानपुर मोहल्ला, सुल्तानपुर चौक, बालू व परेल इत्यादि क्षेत्रों में लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगों को मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष तौर से पालना करने को प्रेरित किया गया। इससे पहले रैली को कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह गौरव का अवसर है जब हम अपने देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। इस गौरवमयी सुअवसर पर भारत व हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार की सृजनात्मक व गुणात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसमें एनसीसी के कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान व कोविड संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इस मौके एनसीसी इकाई के प्रभारी प्रोफेसर अनित कुमार के अलावा एनसीसी ज्योतिका, दीक्षा, सुनीता, आकांक्षा, मोहित, संजीव, सोनू, रोहित, सनी व संजू इत्यादि उपस्थित रहे।



# एन.सी.सी. कैडेट्स ने सीखा ड्रिल, हथियार चलाना व नक्शे पढ़ना

**चम्बा कालेज में संयुक्त सेना प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

चम्बा, 1 नवम्बर (सुशील): चम्बा कालेज में सात दिवसीय संयुक्त सेना प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में कालेज के प्राचार्य डा. शिव दयाल कतीर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

एन.सी.सी. प्रभारी प्रोफेसर अजित कुमार ने कहा कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में चम्बा कालेज के द्वितीय व तृतीय वर्ष के 60 कैडेट्स ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 9 हिमाचल प्रदेश कंपनी डलहौजी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान एन.सी.सी. डलहौजी के जे.सी.ओ. रमेश चंद व हवलदार दुर्गेश चंद ने कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। इस शिविर के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स को ड्रिल प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, नक्शा पढ़ना, फील्डक्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 26 अक्तूबर से 1 नवम्बर तक आयोजित किया गया व कैडेट्स को पूरा दिन विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। प्रोफेसर अजित ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कैडेट्स के लिए प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं।

प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि एन.सी.सी. के कैडेट्स देश के भावी सैनिक होते हैं, सेना के विभिन्न अंगों में जा सकते हैं व एन.सी.सी. के माध्यम से सेना में जाने के लिए मौलिक प्रशिक्षण लेते हैं व तैयारी करते हैं। एन.सी.सी. में रहते हुए कैडेट्स बी व सी प्रमाण पत्र अर्जित करते हैं व सेना में जाने का अपना मार्ग प्रशस्त करते हैं। एन.सी.सी. में रहते हुए कैडेट्स अनुशासन, कठिन परिश्रम व विभिन्न सेना की बारीकियां सीखते हैं। उन्होंने इस सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी कैडेट्स व एन.सी.सी. प्रभारी को बधाई दी। इस अवसर पर कैडेट्स में रोहित, संजू, परस राम, राकेश, तेज सिंह, सूरत राम, सोनू खान, अमित कुमार, आशा, पायल, सुनीता, चांदनी, सुमन, लता, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

## Government College Chamba

### SVEEP/ N.S.S. / Rovers & Rangers

Emails: principalgcchamba@gmail.com Phone/Fax: 01899-222207

## Activities NOTICE

All the students of this College are informed that various **Co-Curricular Activities** are being organized in the College in association with **Electoral Registration Officer (SDM), Chamba** to promote voter's registration, Voter's awareness and Electoral Participation. Those who are interested to participate are directed to give their names to **Sh. Avinash (Zoology)** or **Dr. Shelly Mahajan** (Commerce) or **Ms. Nisha** (Geography). Detail of the competitions to be organized is as under:-

| Sr. No. | Name of the Competition | Theme | Date | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Poster Making | सशक्त राष्ट्र, चुनाव और लोकतंत्र, तिरंगा | 16 सितम्बर 2021 (Thursday) | 11 AM |
| 2. | Collage Making | प्रजातंत्र, सशक्त राष्ट्र, स्वतन्त्रता संग्राम, भारत का गौरवमयी इतिहास | | 11 AM |
| 3 | **Quiz** | Current affairs, हि प्र विधान सभा, भारतीय गणतन्त्र, मौलिक अधिकार , मौलिक कर्तव्य, भारतीय संसद, **(A team comprises two participants)** | | 12 NOON. |
| 4 | **भाषण प्रतियोगिता** | *लोकतंत्र और मीडिया<br>*राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका<br>*लोकतंत्र एक धर्म, भारत और प्रजातंत्र<br>**Time limit: 4-5 Minutes**<br>**Medium: Hindi or English** | | 1 P.M. |

*# Note:-* 1. **Refreshment** will be served all the participants.
2. Winners of the competitions will be awarded with attractive prizes by Sub Division Office, Chamba.

*For further detail you may contact the above mentioned officials.*

Date: 8th September , 2021

Principal
Govt. College Chamba
District Chamba (H.P.)
176314

# छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान पर रखे विचार

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम में वक्ता नेहा, अंजलि, लीला को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में नेहरू युवा केंद्र और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छ भारत अभियान और राष्ट्रीय सतर्कता सप्ताह पर कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर परविंद्र कुमार मुख्यातिथि और डॉ. मनेश विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि 31 अक्तूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरे भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सभी को शपथ दिलवाई गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 का औपचारिक समापन भी किया गया। कार्यक्रम में सतर्कता सप्ताह के तहत भी कार्यक्रम हुआ। एनएसएस के स्वयंसेवियों में नेहा शर्मा, लीला कुमारी, जायत्री और अंजलि कुमारी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी, स्वच्छ भारत अभियान, सतर्कता के विषय पर अपने विचारों से सभी को अभिभूत किया। इसके बाद मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता दिवस और स्वच्छ भारत अभियान के बारे में अपने विचारों से सभी को अभिसिंचित किया।

उन्होंने एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने लगातार एक महीने तक महाविद्यालय परिसर से लेकर गांव-गांव तक स्वच्छता का संदेश दिया। काफी मात्रा पॉलिथीन और प्लास्टिक एकत्रित किया। इसके अलावा स्वयंसेवियों ने प्राकृतिक जल स्रोतों की भी सफाई की गई। मुख्य अतिथि ने वक्ताओं में नेहा शर्मा, लीला, अंजलि, जायत्री और अतिथियों में डॉ. मनेश, डॉ. जयश्री, डॉ. उपेंद्र, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर निशा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



चंबा कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर वक्ताओं को सम्मानित करते डॉ. मनेश वर्मा। -संवाद




सितम्बर-2018
की हार्दिक
हिंदी दिवस-2018
मेरी हिंदी मेरी शान
सबकी प्यारी हिंदी महान।


हिन्दी दिवस
हार्दिक अभिनन्दन करता है।

**HINDI DIVAS - 2017**






Independence Day celebration



Ekta Divas


Constitution Day


GOVERNMENT COLLEGE CHAMBA
SPACE GENESIS SOCIETY
in association with
Red Ribbon Club
Celebrating
International Women's Day 2021
8th March, 2021
Multipurpose Hall
12:30 to 01:30 PM
STRONG
WOMEN;
STRONG
WORLD.



YOGA DAY


Government College Chamba
Space Genesis Society & Red Ribbon Club
ORGANISING
Various activities on the occasion of
World Environment Day, 2021
Poster Making Competition
Slogan Writing Competition
Collage Making Competition
Click a Photo Competition
THEME: SAVE ENVIRONMENT, SAVE FUTURE
Send your own creation as a Poster, Slogan, Collage or Nature Pic to
chambaclass20@gmail.com
ON OR BEFORE 4TH JUNE, 2021 TILL 8 P.M.
Write your Name, Class and Roll number on your poster, Slogan, Collage or Photograph
CERTIFICATES AND PRIZES WILL BE GIVEN TO THE WINNERS OF THE COMPETITIONS
Drop your queries or call on
9418122414, 9459222580
Dr. Shiv Dayal
PRINCIPAL


अखण्ड भारत दिवस



Republic Day cerebration



Martyrdom Day



International Women's Day



# भाषण प्रतियोगिता में देवेंद्र प्रथम

## सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास विषय पर खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित

चम्बा, 27 सितम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय चम्बा में रैड रिबन क्लब और नेहरू युवा केंद्र चम्बा के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास विषय पर खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफैसर परविंद्र कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतिस्पर्धा के दौरान डा. अजय जम्वाल, प्रो. अनित कुमार और प्रो. वीरेंद्र सिंह निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए रैड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश ने बताया कि इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रो. परविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि इस तरह की सह शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण एवं समग्र विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा की। अंतिम निर्णय के अनुसार इस भाषण प्रतियोगिता में चम्बा खंड में देवेंद्र प्रथम, निशा द्वितीय व राकेश कुमार तृतीय तथा सलूणी खंड में यशराज प्रथम, उषा द्वितीय व पवन कुमार तृतीय रहा। विजेताओं को प्राणी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनेष वर्मा द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। ये विजेता नेहरू युवा केंद्र द्वारा अक्तूबर माह में आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चम्बा खंड व सलूणी खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो. राकेश राठौर, डा. हेमंत पाल, डा. चमन सिंह, प्रो. उज्ज्वल कटोच, प्रो. उपेंद्र गुप्ता, प्रो. अविनाश, डा. मनेश, प्रो. शेफ्ती महाजन तथा नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी सुशील कुमार व सूरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

चम्बा : सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास विषय पर खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी प्राध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र में। (किशोर)

**जागरूकता** चंबा कलेज में एनसीसी कैडेटों व एनएसएस स्वयंसेवियों की ओर से कार्यक्रम

# लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया



डिग्री कालेज चंबा में स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता का संदेश देते एनसीसी कैडेट व एनएसएस स्वयंसेवी • जागरण

**संवाद सहयोगी, चंबा :** राजकीय महाविद्यालय चंबा की एनसीसी व एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान व कोविड संबंधित जागरूकता अभियान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एनसीसी इकाई के प्रभारी प्रोफेसर अनित कुमार व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि एनसीसी कैडेट व एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय चंबा का भवन, महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई व विभिन्न स्थानों पर बिखरे कचरे को ठिकाने लगाया।

साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव व सफाई व्यवस्था को बनाए रखने हेतु छात्रों व लोगों को जागरूक किया गया जिसमें छात्रों को नारों, पोस्टर व वार्तालाप के माध्यम से कोरोना से बचने के उपाय, संक्रमण को फैलने से रोकने के तरीके, हाथ धोना, दूरी बनाकर रखना, भीड़ इकट्ठी न करना, इधर उधर कूड़ा न फेंकना, फलों के छिलके व कूड़ा डस्टबिन में डालना इत्यादि बातों से जागरूक किया।

कालेज प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि दो गज दूरी, मास्क पहनकर रखना, भीड़ इकट्ठी न करना, बार-बार अपने हाथों को साबुन व पानी अथवा सैनिटाइजर से साफ करना, शंका होने पर कोरोना की जांच करवाना, स्वास्थ्य विभाग के परामर्श से दवाई लेना और कोरोना संबंधित टीकाकरण करवाना कोरोना के विरुद्ध कारगर हथियार हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता व सजगता का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर प्रोफेसर निशा कुमारी, कैडेट्स में ज्योतिका, दीक्षा, सुनीता, आंकाक्षा, मोहित, संजीव, सोनू, रोहित, सनी, संजू, स्वयंसेवियों में यशराज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, हेमराज, सपना, राकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

चंबा जिले की खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# प्रश्नोत्तरी में भूपेंद्र व लेखराज ने मारी बाजी

## चंबा कालेज में प्राणी विज्ञान विभाग के सौजन्य से प्रतियोगिता, नारा लेखन में तनिष्का प्रथम

**संवाद सहयोगी, चंबा :** राजकीय महाविद्यालय चंबा में सोमवार को प्राणी विज्ञान विभाग के सोसायटी फार वाइल्ड लाइफ एंड नेचर के तत्वावधान में विश्व वन्य प्राणी सप्ताह को मनाते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्राणी विज्ञान विभाग व सोसायटी के अध्यक्ष डा. मनीष वर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन्य प्राणियों, प्रकृति, पर्यावरण के संरक्षण व उनके महत्व की जागरूकता जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं की ओर से विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों, पर्यावरण व प्रकृति के प्रति जागरूकता के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। वहीं, प्रतियोगिताओं के दौरान क्विज मास्टर डा. मनीष, प्रोफेसर अविनाश, डा. हेमंत पाल, डा. सैली महाजन, डा. तेज सिंह, प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों के अंतिम निर्णय के अनुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भूपेंद्र व लेखराज प्रथम, मृदुल व मोहित द्वितीय, सुदीक्षा ठाकुर और कृतिका तृतीय, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तमन्ना प्रथम, स्मृति ठाकुर द्वितीय, हर्ष हितैषी और सोनिका शर्मा तृतीय, नारा लेखन प्रतियोगिता में तनिष्का ठाकुर प्रथम, राखी देवी व नेहा शर्मा द्वितीय, अक्षय और वंदना कुमारी तृतीय, क्लिक-ए फोटो प्रतियोगिता में विशाल शर्मा प्रथम, कल्पना तिलकोटिया द्वितीय, अक्षय नेगी व हरनीत ठाकुर तृतीय रहे। समापन समारोह के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के लिए वन्य जीव व वन



राजकीय महाविद्यालय चंबा में प्राणी विज्ञान विभाग के सोसायटी फार वाइल्ड लाइफ एंड नेचर के तत्वावधान में विश्व वन्य प्राणी सप्ताह को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी • जागरण

**महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित, पर्यावरण संरक्षण की जगाई अलख**

प्रकृति का ऐसा वरदान है, जिस पर उसका अस्तित्व, उन्नति एवं समृद्धि निर्भर है। वनों में जिंदगी बसर करने वाले वन्य जीवों से मानव जाति का युगों से विशिष्ट संबंध रहा है। अपने विकास की प्रारंभिक अवस्था में मानव जाति एक वन्य जीव ही थी। विकास के बढ़ते कदमों एवं बुद्धि विकास तथा विकसित मस्तिष्क के परिणामस्वरूप मनुष्य धीरे-धीरे वन्य जीवन से अलग होकर सामाजिक बन गया और अपने उद्भव की कहानी को विस्मृत कर प्रकृति का स्वामी बन गया।

प्रकृति, पानी, हवा, पेड़-पौधे, वनस्पति जीवों के संवर्धन एवं संरक्षण की ओर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। वन्य जीवन संरक्षण और प्रकृति संरक्षण तो हमारी भारतीय जीवन पद्धति का अंग है।

# एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

**सुल्तानपुर, बालू व बस अड्डे में लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति किया जागरूक**

चम्बा, 24 अक्तूबर (सुशील): राजकीय महाविद्यालय चम्बा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा भारत की स्वतंत्रता के 75वें स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर भारत व हिमाचल सरकार के दिशा-निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान व कोविड संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एन.एस.एस. इकाई के प्रभारी प्रो. अविनाश ने बताया कि एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय चम्बा के परिसर, बालू, नया बस स्टैंड व आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन एकत्रित करके साफ-सफाई की गई।

इसके साथ महाविद्यालय, सुल्तानपुर मोहल्ला, बालू व बस स्टैंड में लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को कोरोना से बचने के उपाय, संक्रमण को फैलने से रोकने के तरीके, हाथ धोना व दूरी बनाकर रखना आदि के बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चम्बा के प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बताया कि सभी भारतीयों के लिए यह गौरव का अवसर है, जब हम अपने देश की



चम्बा : नए बस अड्डे पर साफ-सफाई करने के बाद एन.एस.एस. इकाई के प्रभारी प्रो. अविनाश के साथ सामूहिक चित्र में स्वयंसेवी। (छाया)

आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। इस गौरवमयी अवसर पर भारत सरकार व हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार की लोक कल्याणकारी, सृजनात्मक व गुणात्मक गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

इसमें एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान व कोविड संबंधित जागरूकता का आयोजन करने पर सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार अपने हाथों को साबुन, पानी और सैनेटाइजर से साफ करें, भीड़ एकत्रित न करना, शंका होने पर कोरोना की जांच करवाना, स्वास्थ्य विभाग के परामर्श से दवाई लेना और टीकाकरण का संदेश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता व सजगता का होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने बताया कि दो गज की दूरी, मास्क लगाकर रखें, अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें और बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से निकलें। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश, प्रो. निशा कुमारी और स्वयंसेवियों में खेम राज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, रवीना कुमारी, संतोष, बेबी कुमारी, मुस्कान, कुणाल कुमार, प्रदीप कुमार, शिवानी शर्मा, ईशा कुमारी, धमेंद्र ठाकुर, शिवि, वंदना कुमारी, सोनू खान, अनूप कुमार, सपना, बीना कुमारी व रीता आदि उपस्थित रहे।

# एन.सी.सी. कैडेट्स ने सीखा ड्रिल, हथियार चलाना व नक्शे पढ़ना

**चम्बा कालेज में संयुक्त सेना प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

चम्बा, 1 नवम्बर (सुशील): चम्बा कालेज में सात दिवसीय संयुक्त सेना प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में कालेज के प्राचार्य डा. शिव दयाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

एन.सी.सी. प्रभारी प्रोफैसर अनिल कुमार ने कहा कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में चम्बा कालेज के द्वितीय व तृतीय वर्ष के 60 कैडेट्स ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 9 हिमाचल प्रदेश कंपनी डलहौजी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान एन.सी.सी. डलहौजी के जे.सी.ओ. रमेश चंद्र व हवलदार दुमेश चंद ने कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। इस शिविर के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स को ड्रिल प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, नक्शा पढ़ना, फील्ड क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 26 अक्तूबर से 1 नवम्बर तक आयोजित किया गया व कैडेट्स को पूरा दिन विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। प्रोफैसर अनिल ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कैडेट्स के लिए प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं।

प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि एन.सी.सी. के कैडेट्स देश के भावी सैनिक होते हैं, सेना के विभिन्न अंगों में जा सकते हैं व एन.सी.सी. के माध्यम से सेना में जाने के लिए मौलिक प्रशिक्षण लेते हैं व तैयारी करते हैं। एन.सी.सी. में रहते हुए कैडेट्स बी व सी प्रमाण पत्र अर्जित करते हैं व सेना में जाने का अपना मार्ग प्रशस्त करते हैं। एन.सी.सी. में रहते हुए कैडेट्स अनुशासन, कठिन परिश्रम व विभिन्न सेना की बारीकियां सीखते हैं। उन्होंने इस सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी कैडेट्स व एन.सी.सी. प्रभारी को बधाई दी। इस अवसर पर कैडेट्स में रोहित, संजू, परस राम, राकेश, तेज सिंह, सूरत राम, सोनू खान, अमित कुमार, आशा, पायल, सुनीता, चांदनी, सुमन, लता, अनुराधा आदि मौजूद रहे।






आयोजन

पुलिस मैदान बारगाह में राजकीय महाविद्यालय चंबा की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# रंजू कुमारी और वरुण कपूर सर्वश्रेष्ठ एथलीट बने






# चम्बा कालेज का सांस्कृतिक दल किया सम्मानित

## पुलिस मैदान बारगाह में हुआ खंड स्तरीय युवा उत्सव



# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक

चम्बा, 8 दिसम्बर (नीलम): चम्बा कालेज में नेहरू युवा केंद्र चम्बा और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चम्बा : चम्बा कालेज में आयोजित खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करते डी.सी. दुनी चंद राणा।

## भाषण प्रतियोगिता में नेहा प्रथम

जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में नेहा कुमारी प्रथम, अंजलि कुमारी द्वितीय और राहुल देवल तृतीय स्थान पर रहे।




**Co curricular activities**



**Patriotic Song**




Rajasthani Dance



Himachali Nati




Co curricular activities



Himachali Nati




Co curricular activities




Sham- e -Ghazal/ Kavi Sammelan



Cultural Presentation



Cultural Presentation




**Inter College Chess Championship**



**QUIZ Conduct**

**College Canteen**

